एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मुझे ट्रोल करने के लिए शुक्रिया: सनी लियोनी

ऐक्ट्रेस सनी लियोनी उन अदाकारों में से हैं जो लोगों की आलोचनाओं पर ध्यान देने की जगह उन्हें इग्नोर कर अपनी जिंदगी को खुशी और पॉजिटिव ऐटिट्यूड के साथ जीने में विश्वास रखती हैं। हालांकि वह कई मौकों पर ट्रोल्स को करारा जवाब देती भी दिख जाती हैं। हाल ही में एक चैट शो के दौरान भी उन्होंने कुछ ऐसा ही किया। दरअसल, सनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक विडियो शेयर किया है जिसमें वह अरबाज खान के चैट शो में नजर आ रही हैं। वह एक ट्रोल का अपने लिए लिखा गया कॉमेंट पढ़ती हैं जिसमें शख्स ने उन्हें पॉर्नस्टार कहते हुए उनके पास्ट और फिर बॉलिवुड में आकर लाइफ बदलने के निर्णय के बारे में लिखा होता है। इसे पढ़ सनी बड़े ही कूल अंदाज में जवाब देती हैं कि, मेरे लिए उस समय जो सही था वही निर्णय मैंने लिया। उन्होंने आगे कहा कि हां वह अब बदल चुकी हैं और उस सब से आगे बढ़ चुकी हैं। इसके बाद सनी ने ट्रोल्स पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें ट्रोल करने के लिए शुक्रिया। आपका मुझे ट्रोल करने के लिए शुक्रिया। मैं जानती हूं कि आप मेरे पेज पर कितना ज्यादा समय बिताते हैं, इसलिए शुक्रिया।

वरुण धवन ने लास्ट टाइम पर टाली अपनी सगाई?

ऐसा लगता है कि बॉलिवुड ऐक्टर वरुण धवन के फैन्स को अभी उनकी शादी के लिए और इंतजार करना होगा। वरुण धवन पिछले काफी समय से अपनी गर्लफ्रेंड नताशा दलाल के साथ रिलेशनशिप में हैं। पहले ऐसी रिपोर्ट्स आई थीं कि वरुण के बर्थडे 24 अप्रैल को यह कपल इंगेजमेंट कर सकता है लेकिन अब खबर आ रही है कि वरुण ने यह प्लान टाल दिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो वरुण इस समय अपनी फिल्मों पर ज्यादा ध्यान देना चाहते हैं। वह अपने पिता डेविड धवन के साथ फिल्म कुली नं 1 के रीमेक में काम कर रहे हैं। फिल्म में उनके साथ सारा अली खान होंगी। वैसे इससे पहले वरुण अपने पिता के साथ जुड़वा के रीमेक जुड़वा 2 में भी काम कर चुके हैं। बताया जा रहा है कि बर्थडे पर फिल्म के अनाउंसमेंट के साथ ही सगाई होनी थी लेकिन अंतिम समय पर नताशा और दोस्तों के साथ बर्थडे सेलिब्रेट करने विदेश चले गए। वरुण आजकल फिल्मों में काफी बिजी हैं और वह थोड़ा सा टाइम चाहते हैं। बता दें कि हाल में वरुण की फिल्म कलंक रिलीज हुई थी जिसे दर्शकों का काफी ठंडा रिस्पॉन्स मिला था।

किम शर्मा और हर्षवर्धन राणे का हो गया ब्रेकअप

पिछले कुछ महीनों से एक-दूसरे को डेट कर रहे ऐक्टर हर्षवर्धन राणे और किम शर्मा ने अपनी राहें जुदा कर ली हैं। इससे पहले यह कपल अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी रोमांटिक फोटोज शेयर करता रहता था लेकिन इनकी ब्रेक-अप की खबर से फैन्स भी हैरान हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले महीने हर्षवर्धन और किम के बीच जबर्दस्त झगड़ा हुआ था। इसी के बाद दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया।

हालांकि अभी तक न तो किम ने और न ही हर्षवर्धन ने अपने ब्रेक-अप के बारे में कुछ भी खुलकर नहीं कहा है लेकिन हर्षवर्धन के पीआर ने इनके ब्रेकअप की बात मीडिया को कन्फर्म कर दी है। बता दें कि दिसंबर 2017 में पहली बार हर्षवर्धन और किम के डेटिंग करने की खबरें सामने आई थीं। इसके बाद कई मौकों पर इन्हें साथ देखा गया था।

बाद में इस कपल ने अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करना शुरू कर दिया था। बाद में हर्षवर्धन ने एक इंटरव्यू में भी अपनी रिलेशनशिप को खुलकर स्वीकार किया था। वैसे बता दें कि कभी क्रिकेटर युवराज सिंह की गर्लफ्रेंड रहीं किम शर्मा की शादी कीनिया के बिजनसमैन अली पुंजानी से हुई थी लेकिन साल 2017 में दोनों का तलाक हो गया था।

करण जौहर की फिल्म से डेब्यू करना चाहती है खुशी कपूर

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रीदेवी और फिल्मकार बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर, करण जौहर की फिल्म से डेब्यू करना चाहती है। बोनी और श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी कपूर ने पिछले वर्ष प्रदर्शित करण जौहर की फिल्म धड़क से डेब्यू किया है।अब सबकी नजरें खुशी कपूर पर टिकी हैं। खुशी हाल ही में एक चैट शो पर पहुंचीं और उन्होंने बताया कि उनके पिता बोनी कपूर उनको लेकर काफी प्रोटेक्टिव हैं।



शो की होस्ट नेहा ने जब खुशी से उनके ड्रीम डेब्यू के बारे में पूछा तो वह बोलीं कि इस मामले में वह फिल्मकार करण जौहर पर आंख मूंदकर भरोसा करेंगी लेकिन को-स्टार उनके पिता ही चुनेंगे।

खुशी ने बताया कि उनके पिता उन पर कर्फ्यू लगाकर रखते हैं। वह कहां हैं, किसके साथ हैं उनके डैड एक-एक पल की खबर रखते हैं।उन्होंने एक मजेदार किस्सा भी बताया जिसमें उनके डैड ने उनकी एक दोस्त को मेसेज कर दिया था कि बेटा अपनी और खुशी की फोटो भेजो। खुशी ने बताया कि ठीकठाक लड़के को बॉयफ्रेंड बनाने में डैड को दिक्कत नहीं होगी।